# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444

पत्रांक- 4284 / 12-1, कोटबंगला दिनांक 17 / 04 /2018

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
उत्तरकाशी।

(Dary No - 982/वन भूमि
Date - 19/4/2018)

विषय :— जनपद उत्तरकाशी के वरूणावत पर्वत के अन्तर्गत ताम्बाखानी सूट उपचार कार्य हेतु 1.5292 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :— भारत सरकार की पत्र सं0—8वी/यू0सी0पी0/09/91/2017/एफ0सी0/82 दिनांक 11.04.2018 तथा आपकी पत्र सं0—1324/9सी दिनांक 13.04.2018 तथा इस कार्यालय की पत्र सं0—4271/12—1 दिनांक 13.04.2018।

महोदय,

भारत सरकार वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत परियोजना की निर्माण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शासनादेश में उल्लेखित शर्त सं0—1 के अनुसार प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड के पत्र सं0—972/3—5—2 दिनांक 19.08.2017 में उल्लेखित वर्ष 2018—19 हेतु निर्धारित दर के अनुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि तथा शर्त सं0—2 के अनुसार एन0पी0वी0 के निर्धारित धनराशि निम्नानुसार (**Challan Generate**) कर ऑनलाइन नोडल अधिकारी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त जमा धनराशि का चालान सहित सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि परियोजना हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही समय से की जा सके। इसके अतिरिक्त शासनादेशों में उल्लेखित सभी शर्तो की अनुपालन आंख्या भी इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तथा शासनादेश की स्पष्ट प्रति भी इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

| क्र0 सं0 | मद | इकाई | दर | जमा की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु। | 3.0584 हे0 | 2,78,665.00 | 8,52,269.36 |
| 2 | एन0पी0वी0 | 1.5292 हे0 | घनत्व—0.1<br>दर— 6,57,000 | 10,04,684.40 |

1856953.76 Total

इसके अतिरिक्त वन भूमि के सीमांकन हेतु आर0सी0सी0 पिल्लरों के निर्माण हेतु संलग्न प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित धनराशि मु0 3,86,800.00 रूपये तथा मक डम्पिंग स्थलों के निर्माण हेतु प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित धनराशि मु0 5,53,000.00 रूपये का चैक/बैंक ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के नाम बनाकर इस कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें।

संलग्नक :— उपरोक्तानुसार।

₹ 27,96,754=00

18/4

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि :— जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :— वन क्षेत्राधिकारी, बाड़ाहाट वन राजि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

*D:\Rajveer Singh\Draft Man\Letter\Letter-1..doc*